निशंक की नई पुस्तक देश और विदेश में देगी हिंदी को बढ़ावा



राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में पूर्व सीएम डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया। सूचना विभाग

पुस्तक राष्ट्रीय एकता और हिंदी भाषा का विमोचन

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक की नई पुस्तक राष्ट्रीय एकता और हिंदी आने वाले समय में देश ही नहीं विदेशों में भी हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देगी।

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने मंगलवार को राजभवन में पुस्तक का विमोचन किया। राज्यपाल ने वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विवि (यूटीयू) के उत्तराखंड यूनिवर्सिटी कनेक्ट डैशबोर्ड का भी लोकार्पण किया। यूटीयू ने पूर्व में यूनिवर्सिटी कनेक्ट मोबाइल एप विकसित किया था, जिसे अब डेस्कटॉप और मोबाइल एप दोनों के लिए अपग्रेड किया गया है।

इस एप से पाठ्यक्रम, संकाय, प्रवेश, नामांकन, बजट, शिक्षक, कर्मचारी, छात्र, एमओयू, उपलब्धियां, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट, प्रशिक्षण कार्यक्रम, बुनियादी सुविधाएं आदि के बारे में सभी जानकारियां संग्रहीत की जाएंगी। राज्यपाल ने यूकॉस्ट की ओर से प्रकाशित कॉफी टेबल एडवेंट ऑफ एडवांस्ड एडमिनिस्ट्रेटिव इंटेलिजेंस का भी विमोचन किया।

कॉफी टेबल बुक में राजभवन में राज्यपाल के मार्ग निर्देशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में किए गए अभिनव प्रयासों के बारे में जानकारी उपलब्ध है। राज्यपाल ने राजभवन में एआई और टेक्नोलॉजी से संबंधित कई नवाचार किए हैं। राज्यपाल ने कहा, हिंदी भारत की आत्मा ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता का प्रतीक भी है।

उन्होंने पुस्तक के लेखन और हिंदी को देश और विदेशों में प्रचारित करने के लिए डॉ. निशंक को बधाई दी। पूर्व सीएम निशंक ने कहा, देश की आजादी में हिंदी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। ब्यूरो